UTTARAKHAND

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग,
रूद्रप्रयाग

उत्तराखण्ड शासन

Website-http://pwd.uk.gov.in Fax: 01364-233204, E-mail ID: eepwd_rpg@rediffmail.com

पत्र संख्या 343 / 16C दिनांक 2/2/2021.....

सेवामें,

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग
रूद्रप्रयाग।

**विषय–** **जनपद रूद्रप्रयाग में जिला योजना के अन्तर्गत जाखणी से टेण्डवाल गांव तक मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में (पत्रावली संख्या FP/UK/ROAD/35879/2018)**

**महोदय**

जनपद रूद्रप्रयाग में जाखणी से टेण्डवाल गांव की स्वीकृति जिला योजना के अन्तर्गत लम्बाई 1.00 किमी0 की प्राप्त है। प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष सर्वेक्षण की कार्यवाही की गई। परन्तु स्वीकृति लम्बाई में जाखणी से टेण्डवाल गांव तक निर्माण सम्भव नहीं हो पा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान जाखणी से कुआंनामी तोक तक स्वीकृत लम्बाई 1.00 किमी0 पूर्ण हो रही है। स्वीकृत लम्बाई में टेण्डवाल गांव की कुआनामी तोक संयोजित हो रही है, जहां टेण्डवाल गांव की लगभग 40 प्रतिशत आबादी निवास करती है। अतः प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष वनभूमि पत्रावली गठित की गयी। पूर्व निर्मित केएमएल एवं टोपोशीट में कोआर्डिनेट लेने में हुई त्रुटि के कारण प्रस्तावित संरेखण से भिन्नता प्रदर्शित हो रही थी, जिसके सुधार हेतु पुनः कोआर्डिनेट लिए गये एवं नई केएमएल व टोपोशीट बनाए गये जो कि संलग्न हैं। अतः उक्त के आलोक में वर्तमान प्रस्तावित संरेखण के अनुरूप कुआंनामी तोक तक मार्ग निर्माण की स्वीकृति औचित्यपूर्ण है। भविष्य में अतिरिक्त स्वीकृति प्राप्त होने पर कुआंनामी तोक से टेण्डवालगांव तक निर्माण कार्य प्रस्तावित किया जायेगा, जिससे टेण्डवाल गांव की अवशेष आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही लाभान्वित ग्राम टेण्डवालगांव एवं जाखणी की स्थिति संलग्न जीआईएस मैप में स्पष्ट कर दी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
रूद्रप्रयाग।